भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1300
सोमवार, 11 फरवरी, 2019/22 माघ, 1940 (शक)

देश में चल रहे रोजगार कार्यालय

1300. श्री निहाल चन्दः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने रोजगार कार्यालय कार्यरत/परिचालित हैं;

(ख) गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रोजगार कार्यालयों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने बेरोजगार व्यक्ति (पुरुष और महिला) पंजीकृत हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान रोजगार कार्यालयों के द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार महिलाओं सहित कितने लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है;

(घ) क्या घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित पंजीकृत कंपनियां अपनी श्रमशक्ति की आवश्यकताओं को रोजगार कार्यालयों से पूरा करती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार देश में चालू रोजगार कार्यालयों की संख्या 997 है और देश में रोजगार चाहने वाले, जिनमें आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत किए गए तथा रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार पाने वाले, राज्य/संघ क्षेत्र-वार, क्रमाशः अनुबंध-। एवं ।। में दिए गए हैं।

(घ एवं ङ): मंत्रालय रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन और कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना को उपलब्ध कराने जैसी विभिन्न रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपान्तरण के लिए राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना को एक मिशन मोड परियोजना के रूप में कार्यान्वित कर रहा है। नियोक्ता अपने संगठनों के लिए ब्लू कॉलर कामगारों से लेकर वाइट कॉलर स्टाफ तक के कार्यबल के देशव्यापी डेटाबेस को देख कर सबसे उपयुक्त प्रतिभा की प्राप्ति कर सकते हैं।

एनसीएस परियोजना में रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना की गई है। इसके अतिरिक्त, एनसीएस परियोजना में रोजगार कार्यालयों को एनसीएस के साथ आपस में जोड़ने का एक घटक है तथा यह रोजगार कार्यालयों में अवसंरचनाओं के उन्नयन हेतु राज्यों को आंशिक रूप से वित्तपोषित करता है। यह पोर्टल, रोजगार मेलों के आयोजन की सुविधाएं भी देता है, जहां नियोक्ता तथा रोजगार चाहने वाले दोनों प्रत्यक्ष रूप से संपर्क में आ सकते हैं।

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 11.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1300 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**देश में रोजगार कार्यालयों की संख्या और रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

(हजार में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रोजगार कार्यालयों की संख्या | चालू रजिस्टर में रोजगार चाहने वाले | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2014+ | | | 2015# | | |
| | | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 17 | 1348.3 | 524.2 | 1872.5 | 650.0 | 251.3 | 901.3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12 | 34.0 | 23.2 | 57.2 | 44.0 | 31.3 | 75.3 |
| 3 | असम | 52 | 1276.1 | 550.8 | 1826.9 | 1279.8 | 533.2 | 1813.0 |
| 4 | बिहार | 47 | 722.3 | 103.3 | 825.6 | 586.4 | 89.2 | 675.6 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 26 | 1249.5 | 600.3 | 1849.8 | 1197.9 | 596.6 | 1794.5 |
| 6 | दिल्ली | 14 | 847.8 | 350.4 | 1198.2 | 891.3 | 371.3 | 1262.6 |
| 7 | गोवा | 1 | 86.9 | 52.5 | 139.4 | 80.9 | 51.9 | 132.8 |
| 8 | गुजरात | 48 | 524.2 | 215.4 | 739.6 | 485.0 | 192.4 | 677.4 |
| 9 | हरियाणा | 59 | 547.6 | 232.2 | 779.8 | 507.4 | 230.3 | 737.7 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 15 | 597.0 | 399.4 | 996.4 | 479.1 | 341.0 | 820.1 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 17 | 191.3 | 92.6 | 283.9 | 187.6 | 91.8 | 279.4 |
| 12 | झारखंड | 42 | 423.5 | 68.4 | 491.9 | 477.2 | 92.6 | 569.8 |
| 13 | कर्नाटक | 40 | 266.9 | 102.9 | 369.8 | 255.3 | 97.4 | 352.7 |
| 14 | केरल | 89 | 1465.9 | 2266.4 | 3732.3 | 1392.7 | 2223.5 | 3616.2 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 49 | 1542.0 | 468.9 | 2010.9 | 1300.9 | 414.4 | 1715.3 |
| 16 | महाराष्ट्र | 47 | 2888.4 | 933.0 | 3821.4 | 2800.6 | 885.9 | 3686.5 |
| 17 | मणिपुर | 11 | 506.7 | 205.4 | 712.1 | 525.3 | 215.8 | 741.1 |
| 18 | मेघालय | 12 | 18.5 | 19.1 | 37.6 | 20.1 | 22.4 | 42.5 |
| 19 | मिजोरम | 3 | 15.8 | 13.8 | 29.6 | 18.1 | 13.6 | 31.7 |
| 20 | नागालैंड | 8 | 41.1 | 23.0 | 64.1 | 49.6 | 23.0 | 72.6 |
| 21 | ओडिशा | 40 | 770.3 | 312.7 | 1083.0 | 739.4 | 291.6 | 1031.0 |
| 22 | पंजाब | 47 | 249.1 | 113.2 | 362.3 | 245.7 | 110.3 | 356.0 |
| 23 | राजस्थान | 38 | 547.3 | 133.6 | 680.9 | 456.3 | 124.0 | 580.3 |
| 24 | सिक्किम * | - | - | - | - | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 35 | 3938.7 | 4052.3 | 7991.0 | 3773.2 | 3977.4 | 7750.6 |
| 26 | तेलंगाना | 14 | 0 | | | 736.1 | 272.8 | 1008.9 |
| 27 | त्रिपुरा | 5 | 371.7 | 223.9 | 595.6 | 180.6 | 95.8 | 276.4 |
| 28 | उत्तराखंड | 24 | 557.4 | 303.7 | 861.1 | 529.9 | 264.6 | 794.5 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 99 | 4701.3 | 2155.0 | 6856.3 | 2506.1 | 998.6 | 3504.7 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 77 | 5273.5 | 2398.2 | 7671.7 | 5396.8 | 2493.8 | 7890.6 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1 | 22.8 | 18.8 | 41.6 | 22.0 | 18.2 | 40.2 |
| 32 | चंडीगढ़ | 2 | 26.2 | 8.1 | 34.3 | 16.5 | 7.1 | 23.6 |
| 33 | दादर एवं नागर हवेली | 1 | 5.1 | 3.3 | 8.4 | 5.3 | 3.5 | 8.8 |
| 34 | दमन और दीव | 2 | 7.3 | 2.7 | 10.0 | 7.8 | 2.7 | 10.5 |
| 35 | लक्षद्वीप | 1 | 11.6 | 7.2 | 18.8 | 11.7 | 7.2 | 18.9 |
| 36 | पुडुचेरी | 1 | 106.7 | 100.5 | 207.2 | 106.3 | 103.1 | 209.4 |
| | कुल | 997 | 31182.8 | 17078.3 | 48261.1 | 27962.7 | 15540.0 | 43502.7 |

नोट: * इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है; + आंध्र प्रदेश में तेलंगाना शामिल है; # अनंतिम;

हो सकता है कि पूर्णांक के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।

**अनुबंध - II**

**लोक सभा के दिनांक 11.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1300 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

देश में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार चाहने वालों के नियोजन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा

(हजार में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नियोजन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2014+ | | | 2015# | | |
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0.33 | 0.09 | 0.42 | 0.15 | 0.05 | 0.20 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | असम | 0.96 | 0.18 | 1.14 | 0.58 | 0.27 | 0.85 |
| 4 | बिहार | 0.08 | 0.01 | 0.09 | 1.03 | 0.07 | 1.10 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0.86 | 0.08 | 0.94 | 2.04 | 1.14 | 3.18 |
| 6 | दिल्ली | 0.24 | 0.00 | 0.24 | 0.19 | 0.00 | 0.19 |
| 7 | गोवा | 1.19 | 0.96 | 2.15 | 2.49 | 0.42 | 2.91 |
| 8 | गुजरात | 242.07 | 48.77 | 290.84 | 287.27 | 49.4 | 336.67 |
| 9 | हरियाणा | 0.24 | 0.01 | 0.25 | 0.27 | 0.01 | 0.28 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 1.98 | 0.32 | 2.30 | 0.95 | 0.16 | 1.11 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 0.22 | 0.15 | 0.37 | 0.05 | 0.03 | 0.08 |
| 12 | झारखंड | 0.94 | 0.11 | 1.05 | 2.91 | 0.04 | 2.95 |
| 13 | कर्नाटक | 1.63 | 0.51 | 2.14 | 0.53 | 0.26 | 0.79 |
| 14 | केरल | 4.38 | 3.61 | 7.99 | 4.20 | 4.02 | 8.22 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 0.22 | 0.03 | 0.25 | 0.10 | 0.01 | 0.11 |
| 16 | महाराष्ट्र | 9.13 | 0.42 | 9.55 | 22.27 | 0.61 | 22.88 |
| 17 | मणिपुर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | मेघालय | 0.02 | 0.01 | 0.03 | 0.07 | 0.08 | 0.15 |
| 19 | मिजोरम | 0.05 | 0.02 | 0.07 | 0.00 | 0.01 | 0.01 |
| 20 | नागालैंड | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 21 | ओडिशा | 0.58 | 0.12 | 0.70 | 0.92 | 0.33 | 1.25 |
| 22 | पंजाब | 1.94 | 0.49 | 2.43 | 1.49 | 0.22 | 1.71 |
| 23 | राजस्थान | 0.43 | 0.01 | 0.44 | 0.34 | 0.05 | 0.39 |
| 24 | सिक्किम * | - | - | - | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 5.74 | 3.06 | 8.80 | 5.54 | 2.19 | 7.73 |
| 26 | तेलंगाना | - | - | - | 0.46 | 0.04 | 0.50 |
| 27 | त्रिपुरा | 1.58 | 0.85 | 2.43 | 0.23 | 0.15 | 0.38 |
| 28 | उत्तराखंड | 0.51 | 0.07 | 0.58 | 0.18 | 0.04 | 0.22 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 1.28 | 0.02 | 1.30 | 0.41 | 0.00 | 0.41 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 0.79 | 0.69 | 1.48 | 0.25 | 0.22 | 0.47 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.10 | 0.03 | 0.13 | 0.08 | 0.03 | 0.11 |
| 32 | चंडीगढ़ | 0.04 | 0.02 | 0.06 | 0.06 | 0.02 | 0.08 |
| 33 | दादर एवं नागर हवेली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 34 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 36 | पुडुचेरी | 0.18 | 0.15 | 0.33 | 0.06 | 0.03 | 0.09 |
| | कुल | 277.70 | 60.80 | 338.50 | 335.09 | 59.9 | 394.99 |

नोट: * इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है; + आंध्र प्रदेश में तेलंगाना शामिल है; # अनंतिम;

हो सकता है कि पूर्णांक के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।